भारी पानी दिवस समारोह के उपलक्ष्य में हिंदी तकनीकी वार्ता का आयोजन
(दिनांक 06.03.2026)
रिपोर्ट

भारी पानी बोर्ड सुविधाएं, वडोदरा के मल्टीपरपज हॉल में दिनांक 06.03.2026 को भारी पानी दिवस समारोह के उपलक्ष्य में हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के लिए हिंदी तकनीकी वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमे निम्नलिखित व्याख्याताओं ने व्याख्यान दिए।

व्याख्याता

क्रमांक	नाम एवं पदनाम
1	श्री जी. के. विठ्ठल, पूर्व महाप्रबंधक (पीसी एवं क्युसी) उत्कृष्ठ वैज्ञानिक, भारी पानी बोर्ड, मुंबई
2	श्री के. एन. व्यास, प्रोफेसर, होमी भाभा पीठ एवं पूर्व अध्यक्ष, पऊआ एवं सचिव, पऊवि

व्याख्यान के विषय

क्रमांक	व्याख्यान का विषय
1	भारी पानी बोर्ड द्वारा गतिविधियों की विविधता के दौरान आने वाली चुनौतियाँ
2	उत्कृष्टता को बनाए रखना: परमाणु ऊर्जा विभाग (पऊवि) की सफलता की कहानी का मानवीय पहलू

कार्यक्रम का उद्घाटन श्री के. एन. व्यास, प्रोफेसर, होमी भाभा पीठ एवं पूर्व अध्यक्ष, पऊआ एवं सचिव, पऊवि, श्री जी. के. विठ्ठल, पूर्व महाप्रबंधक (पीसी एवं क्युसी) उत्कृष्ठ वैज्ञानिक, भारी पानी बोर्ड, मुंबई, श्री नितेश मेहता, विशेष कार्य अधिकारी भापाबोसु, वडोदरा तथा श्री अब्दुल करीम खान, प्रशासनिक अधिकारी-III, भापाबोसु, वडोदरा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विशेष कार्य अधिकारी श्री नितेश मेहता ने उपस्थित व्याख्याताओं एवं सभी प्रतिभागियों का हार्दिक अभिनंदन किया एवं तकनीकी वार्ता के महत्व को स्पष्ट किया और तकनीकी वार्ता में दिए जाने वाले व्याख्यानों से अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करने हेतु श्रोताओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रशासनिक अधिकारी - III, श्री अब्दुल करीम खान द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने सभी वक्ताओं, अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए हिंदी के प्रगामी प्रयोग को वैज्ञानिक एवं तकनीकी कार्यकलापों में बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही राजभाषा हिंदी के कार्यक्रमों का आयोजन नियमित रूप से किए जाने की जानकारी भी दी।

कार्यक्रम के समापन सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने कार्यक्रम के आयोजन की प्रशंसा की और इसे एक सफल आयोजन बताया। इस अवसर पर लगभग कुल 100 कार्मिक समारोह में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के कुछ फोटोग्राफ संलग्नक (अनुलग्नक "क") है।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती निकिता गर्ग, तकनीशियन द्वारा किया गया। अंत में सभी महानुभावों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद के बाद राष्ट्रगान करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

****

भारी पानी दिवस समारोह के उपलक्ष्य में हिंदी तकनीकी वार्ता का आयोजन – चित्रमय झलकियां